


Under CSR Support by Ipca | Foundation
missiongyan

## बहुविकल्पी प्रश्न

**1. निम्नलिखित में से कौन-से राज्य में सबसे अधिक संख्या में आप्रवासी आते हैं?**

(अ) बिहार (ब) उत्तर प्रदेश

(स) महाराष्ट्र (द) दिल्ली

**2. भारत में शिशु मृत्यु दर प्रति हजार कितनी है?**

(अ) 70/1000 (ब) 85/1000

(स) 75/1000 (द) 80/1000

**3. एक वर्ष में कोई व्यक्ति छः महीने या 183 दिनों से कम की अवधि तक आर्थिक रूप से उत्पादन कार्य में शारीरिक या मानसिक रूप से भाग लेता है तो उसे कहते है-**

(अ) सीमांत कामगार (ब) गैर कामगार

(स) इनमें से कोई नहीं (द) मुख्य कामगार

**4. भारत में महिलाओं के प्रवास का प्रमुख कारण है-**

(अ) रोजगार की तलाश (ब) शिक्षा

(स) परिवार का स्थानांतरण (द) विवाह

**5. भारत में पुरुषों के प्रवास का मुख्य कारण क्या है?**

(अ) शादी (ब) व्यवसाय

(स) शिक्षा (द) कार्य तथा रोजगार

**6. भारत में औसत जीवन प्रत्याशा कितनी है?**

(अ) 65 वर्ष (ब) 70 वर्ष

(स) 60 वर्ष (द) 75 वर्ष

**7. मानव विकास का मूलभूत संकेतक कौन-सा है?**

(अ) साक्षरता (ब) जन्म एवं मृत्यु दर

(स) सभी विकल्प सही हैं (द) जीवन प्रत्याशा

**8. भारत में प्रवास की निम्नलिखित धाराओं में से कौन-सी एक धारा पुरुष प्रधान है?**

(अ) नगरीय से नगरीय (ब) नगरीय-ग्रामीण

(स) ग्रामीण-ग्रामीण (द) ग्रामीण-नगरीय

**9. भारत के निम्नलिखित में से कौन-से राज्य में सबसे कम महिला शिक्षा दर है?**

(अ) अरूणाचल प्रदेश (ब) जम्मू कश्मीर

(स) झारखंड (द) बिहार

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहां चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

**10. 2011 की जनगणना के अनुसार एक साक्षर व्यक्ति वह है**

(अ) जो किसी भी भाषा में पढ़ एवं लिख सकता है।

(ब) जिसकी उम्र 7 वर्ष है तथा वह किसी भी भाषा को समझ के साथ पढ़ एवं लिख सकता है।

(स) जो अपने नाम को पढ़ एवं लिख सकता है।

(द) जो पढ़ना-लिखना एवं अंकगणित, तीनों जानता है।

## रिक्त स्थान

**11.** ग्रामीण जनसंख्या से नगरीय जनसंख्या में समाज के बदलने की प्रक्रिया को ________________ कहते हैं।

**12.** ______________ का घनत्व सबसे कम 17 व्यक्ति प्रतिवर्ग किलोमीटर है।

## सत्य/असत्य

**13.** भारत का क्षेत्रफल संसार के क्षेत्रफल का 2.4 प्रतिशत है।

**14.** भारत में लगभग 28 करोड़ लोग (2001 के अनुसार) नगरों में रहते हैं।

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

**15.** भारत में कितनी जनसंख्या कृषि व्यवसाय में लगी है?

**16.** मृत्युदर तेजी से घटने का सर्वप्रमुख कारण कौन-सा है?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

**17.** जनसंख्या वृद्धि एवं जनसंख्या परिवर्तन के बीच अंतर स्पष्ट करें।

**18.** व्यावसायिक संरचना एवं विकास के बीच क्या संबंध है?

## निबंधात्मक प्रश्न

**19.** स्वस्थ जनसंख्या कैसे लाभकारी है?

**20.** जनसंख्या वृद्धि के महत्त्वपूर्ण घटकों की व्याख्या करें। संक्षेप में उत्तर दें।

## HOTS

**21.** 1981 से भारत में जनसंख्या वृद्धि दर क्यों घट रही है?

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

Under CSR Support by Ipca Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

## उत्तरमाला

1. **(स)** महाराष्ट्र
2. **(अ)** 70/1000
3. **(अ)** सीमांत कामगार
4. **(द)** विवाह
5. **(द)** कार्य तथा रोजगार
6. **(अ)** 65 वर्ष
7. **(स)** सभी विकल्प सही हैं
8. **(द)** ग्रामीण-नगरीय
9. **(द)** बिहार
10. **(ब)** जिसकी उम्र 7 वर्ष है तथा वह किसी भी भाषा को समझ के साथ पढ़ एवं लिख सकता है।
11. नगरीकरण
12. अरूणाचल प्रदेश
13. सत्य
14. सत्य
15. लगभग दो तिहाई जनसंख्या
16. स्वास्थ्य सेवाओं का प्रसार
17. जनसंख्या वृद्धि एवं जनसंख्या परिवर्तन के बीच अंतर निम्नलिखित है-

| जनसंख्या वृद्धि | जनसंख्या परिवर्तन |
|---|---|
| जनसंख्या वृद्धि से तात्पर्य किसी क्षेत्र में निश्चित अवधि के दौरान रहने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि से है। | जनसंख्या परिवर्तन से तात्पर्य किसी क्षेत्र में निश्चित अवधि के दौरान जनसंख्या के वितरण, संरचना या आकार में परिवर्तन से है। |
| इसमें पिछली जनसंख्या को बाद की जनसंख्या में से घटाकर ज्ञात किया जाता है। | जनसंख्या में परिवरतन तीन प्रक्रियाओं के आपसी संयोजन के कारण आता है। जैसे: जन्म दर, मृत्यु दर, प्रवास |
| वृद्धि को संख्या के रूप में व्यक्त किया जाता है। | जनसंख्या परिवर्तन सापेक्ष वृद्धि और प्रतिवर्ष होने वाले प्रतिशत परिवर्तन के द्वारा देखा जाता है। |

18. देश के व्यापारिक ढाँचे का अर्थ है विभिन्न प्रकार के व्यवसायों के अनुरूप इसके लोगों का वितरण। व्यवसायों को सामान्यतः प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है। व्यवसायों को प्रायः प्राथमिक (कृषि, खनन, मछलीपालन आदि) द्वितीयक (उत्पादन करने वाले उद्योग, भवन एवं निर्माण कार्य) एवं तृतीयक (परिवहन, संचार, वाणिज्य, प्रशासन तथा सेवाएँ) श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है। विकसित एवं विकासशील देशों में द्वितीयक एवं तृतीयक व्यवसायों में कार्य करने वाले लोगों का अनुपात अधिक होता है। विकासशील देशों में प्राथमिक क्रियाकलापों में कार्यरत लोगों का अनुपात अधिक होता है। भारत में कुल जनसंख्या का 64 प्रतिशत भाग केवल कृषि कार्य करता है। द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की संख्या का अनुपात क्रमशः 13 तथा 20 प्रतिशत है। वर्तमान समय में बढ़ते हुए औद्योगीकरण एवं शहरीकरण में वृद्धि होने के कारण द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्रों में व्यावसायिक परिवर्तन हुआ है।

**19. स्वस्थ जनसंख्या निम्नलिखित प्रकार से लाभकारी है-:**

i. अस्वस्थ व्यक्ति की अपेक्षा एक स्वस्थ व्यक्ति अधिक घंटों तक कार्य कर सकता है। इससे उसकी आय में वृद्धि होती है।

ii. स्वस्थ जनसंख्या उत्पादन को बढ़ाने में मदद कर सकती है जो राष्ट्रीय आय और जीवन स्तर मे बढ़ोतरी में सहायक होगी।

iii. स्वस्थ जनसंख्या निश्चित रूप से देश के विकास में सहायक है होती है।

iv. अधिक सकारात्मक सोच रख सकती है। यह देश को अधिक सुचारु रूप से चला सकती है।

**20.** किसी भी क्षेत्र में लोगों की संख्या बढ़ने को जनसंख्या वृद्धि कहते हैं। जनसंख्या में लगातार निरंतर वृद्धि को जनसंख्या विस्फोट कहते हैं।

**जनसंख्या वृद्धि के महत्वपूर्ण घटक निम्नलिखित है-**

**i. जन्म दर-** यह वृद्धि का एक प्रमुख घटक है एक वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों में जितने जीवित बच्चों का जन्म होता है। उसे 'जन्म दर' कहते हैं भारत में हमेशा जन्म दर मृत्यु दर से अधिक रही है।

**ii. मृत्यु दर-** एक वर्ष में प्रति हजार व्यक्तियों में मरने वालों की संख्या को 'मृत्यु दर' कहते हैं। मृत्यु दर में तेज गिरावट भारत की जनसंख्या में वृद्धि का एक प्रमुख कारण है।

**iii. प्रवसन-** प्रवसन जनसंख्या परिवर्तन का एक प्रमुख घटक है लोगों का एक क्षेत्र से दूसरी क्षेत्र में चले जाने को प्रवसन कहते हैं। यह केवल जनसंख्या के आकार को प्रभावित नहीं करता बल्कि उम्र एवं लिंग के दृष्टिकोण से ग्रामीण और नगरीय जनसंख्या की संरचना को प्रभावित करता है।

**21. 1981 से भारत में जनसंख्या वृद्धि दर घटने के निम्न कारण-**

i. भारत में जन्म दर को नियन्त्रित करने के लिए कई प्रयास किये जा रहे हैं

ii. जन्म दर नियंत्रण

iii. शिक्षा का प्रसार

iv. महिला जागरूकता

v. परिवार नियोजन

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES